# नईदुनिया

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | शुक्रवार, 25 सितम्बर 2026 | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित







राजधानी में गणेशउत्सव पर्व उत्साह से मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर आकर्षक झाकियाँ सजी हुई हैं। शाम होते ही श्रद्धालु पंडालों में गणेश भगवान के दर्शन करने और प्रसाद लाभ प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। विसर्जन की तैयारियों के चलते झांकी पंडालों के पास हवन-पूजन आरंभ हो गया है।

# इंटरनेट मीडिया पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म

### शादी से इनकार के बाद 19 वर्षीय युवती ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर दर्ज कराई प्राथमिकी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एमपी नगर थाना क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया पर दोस्ती के बाद 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने युवती को अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया और इसके बाद शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक उसका शोषण करता रहा।

शादी से इनकार करने पर युवती ने परिजनों की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हबीबगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय युवती की करीब एक साल पहले इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आरोपी युवक से पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ने के बाद युवक ने युवती को मिलने के लिए अपने घर बुलाया। आरोप है कि एमपी नगर के शिवाजी नगर स्थित घर पर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया।

युवती का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने उससे शादी करने का वादा किया और इसी भरोसे पर करीब एक साल तक उसका शोषण करता रहा। पिछले कुछ समय से युवती आरोपी पर शादी करने के लिए दबाव बना रही थी, लेकिन वह लगातार बात टालता रहा।

हाल ही में आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और उनके साथ पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी योगेश बंसल के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एमपी नगर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## बरखेड़ा और टाउनशिप की समस्याएं के शीघ्र निराकरण की मांग

**नप्र, भोपालः** भेल भोपाल की नगर सलाहकार समिति की बैठक में बरखेड़ा क्षेत्र और टाउनशिप की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में एस. सेन्थिल कुमार, छोटेलाल कोरी और मनीष ठेकरे शामिल हुए। एस. सेन्थिल कुमार ने बरखेड़ा क्षेत्र में लंबित कार्यों और कमियों को बिंदुवार दर्ज कराते हुए कार्यप्रणाली और धीमी गति पर नाराजगी जताई। वहीं छोटेलाल कोरी और मनीष ठेकरे ने टाउनशिप में कर्मचारियों और रहवासियों से जुड़ी समस्याओं एवं असुविधाओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में पिछली बैठक में दर्ज बिंदुओं की भी समीक्षा की गई और उनकी प्रगति का जायजा लिया गया।

# नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम के अतिक्रमण निरोधक दल ने सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा नियमित कार्रवाई के तहत विभिन्न क्षेत्रों से अवैध रूप से बने टपरे, छप्पर, चबूतरे, नाली के ऊपर रखी फर्शियां, ठेले, गुमठियां, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, स्टूल, टेबल-कुर्सियां और अन्य अतिक्रमण हटाए। इस दौरान ठेले आदि जब्त भी किए गए।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दल ने गुरुवार को सूरज नगर, जवाहर चौक, भारत माता चौराहा, न्यू मार्केट, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, नेहरू नगर, सेकंड स्टॉप, नर्मदा भवन, साकेत नगर, रचना नगर, अमराई, अवधपुरी, अन्ना नगर, आईएसबीटी, शाहपुरा, कोलार, एमपी नगर, प्रेस कॉम्प्लेक्स, अशोका गार्डन, सुभाष नगर, जहांगीराबाद, पुष्पा नगर, रायसेन रोड, एमएलबी कॉलेज, रॉयल मार्केट, बागमुंशी हुसैन खां, शाहजहांनाबाद, छोला और लालघाटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। निगम अमले ने लालघाटी गुफा मंदिर क्षेत्र से एक फास्ट फूड गाड़ी, अशोका गार्डन से दो लोडिंग ऑटो, शाहजहांनाबाद से आवागमन में बाधक छह चार पहिया वाहन और छोला क्षेत्र से दो चार पहिया वाहन हटाए। अमराई नाग मंदिर के पीछे नाली के ऊपर बने लेटबाथ का अतिक्रमण, साकेत नगर में अवैध रूप से लगा चाय का टपरा तथा अवधपुरी ऋषिपुरम कॉलोनी में सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्री भी हटाई गई। कार्रवाई के दौरान तीन ठेले जब्त किए गए।

## अंशकालीन और अस्थायी कर्मचारी 28-29 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पंचायत चौकीदार, भृत्य, सफाईकर्मी, पंप चालक और स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अंशकालीन व अस्थायी कर्मचारी 28 और 29 सितंबर को दो दिवसीय कामबंद हड़ताल करेंगे। प्रदेशभर से कर्मचारी भोपाल पहुंचकर भाजपा कार्यालय के सामने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि कई कर्मचारी 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें दो से चार हजार रुपये तक का मानदेय मिल रहा है। ग्राम पंचायतों के कर्मचारी ई-पंचायत व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता और नल-जल व्यवस्था जैसी जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। वहीं स्कूलों, छात्रावासों और आश्रमों में कार्यरत कर्मचारी भी लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। संयुक्त मोर्चे ने अंशकालीन और अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने, समान एवं सम्मानजनक न्यूनतम वेतन लागू करने तथा सेवा नियमावली बनाने की मांग की है। इसके अलावा अवकाश, भविष्य निधि, बीमा, पेंशन और चिकित्सा सुविधा सहित सामाजिक सुरक्षा देने की मांग रखी गई है। कर्मचारियों ने बकाया मानदेय अंतर और पात्र एरियर का भुगतान करने तथा बिना उचित प्रक्रिया के सेवा से हटाने पर रोक लगाने की मांग भी की है।

# बकानिया में विद्यार्थियों ने समझी जैविक कृषि की उपयोगिता




**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** साधु वासवानी महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान-बायोटेक एवं रसायन शास्त्र विभाग द्वारा जैविक कृषि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की टीम ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय, ग्राम बकानिया में विद्यार्थियों को 'भारतीय कृषि पद्धति में जैविक कृषि, जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशक का महत्व' विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापिका अर्चना चौहान एवं छात्र विकास तमोली ने जैविक खेती के लाभों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इस दौरान वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. सुप्रिया दास, डॉ. अर्चना सिंह तथा प्रयोगशाला सहायक पंकज संगवालिया व दीपक सक्सेना सहित कॉलेज और स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रक्तदान का आग्रह करने निरंकारी पहुंचे संस्कार विद्यालय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संस्कार विद्यालय में संत निरंकारी मिशन के प्रमुख महेश वीधानी ने विशेष बैठक ली। इसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं से आगामी मानव सेवा शिविर में रक्तदान करने का आह्वान किया गया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि निरंकारी मिशन के सेवा कार्यों में भागीदारी करना विद्यालय परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में फैले अनावश्यक भ्रम और डर को दूर कर सभी को इस महादान में योगदान देना चाहिए।

शिविर की जानकारी देते हुए महेश वीधानी ने बताया कि रक्तदान शिविर 26 सितंबर को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन, स्काईलैंड गार्डन के पास, बैरागढ़ में आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बताया कि दान किए गए रक्त की पूर्ति शरीर 24 घंटे के भीतर नया रक्त बनाकर कर लेता है। बैठक में संस्था के चंदर नागदेव, लक्ष्मणदास नाथानी, रमेश सिंह पंजाबी, प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, मोंटेसरी इंचार्ज प्रियांशी आडवाणी सहित शिक्षक और निरंकारी मंडल के सेवादार उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया विज्ञान मेले का अवलोकन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महापौर श्रीमती मालती राय ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित विज्ञान मेले में शामिल होकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने गुरुवार को विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित चार दिवसीय विज्ञान मेला-2026 में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए मॉडल देखे और विद्यार्थियों से उनके बारे में जानकारी प्राप्त की।

महापौर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित मॉडल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं आयोजन समिति के अधिकारी, प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हिंदी पखवाड़े में कविता सृजन एवं पाठ प्रतियोगिता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हिंदी पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत कविता सृजन एवं पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में संस्थान के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। संग्रहालय परिसर स्थित शिल्पकला सभागार में शाम चार बजे आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मौलिक कविताओं के साथ दिनकर की कविताओं का प्रभावपूर्ण पाठ किया।

कविताओं के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, संस्कृति, सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन विषयों को अभिव्यक्त किया गया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका जनसंपर्क अधिकारी एच.बी.एस. परिहार ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी राजेंद्र कुमार झारिया ने किया, जबकि संयोजन डॉ. रविंद्र कुमार गुप्ता ने किया।

## उत्तम आकिंचन धर्म मन के ममत्व और अहंकार का त्याग हैः विश्वंभर शास्त्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** साकेत नगर स्थित श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व के अवसर पर धर्मोपदेश का आयोजन किया गया। महाराष्ट्र से आए जैन विद्वान पंडित अनंतकुमार विश्वंभरशास्त्री ने उत्तम आकिंचन धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि ममत्व के परित्याग को आकिंचन कहते हैं। उन्होंने कहा कि मन से 'मेरा' और 'मैंने किया' की भावना को समाप्त करना ही उत्तम आकिंचन धर्म का सार है। बाहरी वस्तुओं के त्याग के साथ उनके प्रति मन में छिपे लगाव, लालच और अहंकार को समाप्त करना आवश्यक है।

हेमलता जैन ने बताया कि पर्युषण पर्व के दौरान 'बूझो तो जाने' प्रतियोगिता में महिला, पुरुष और बाल वर्ग के लिए दशलक्षण धर्म पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। चंवर झुलाओ और लाडू सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टोंग्या ने बताया कि लगातार पांच या उससे अधिक उपवास करने वाले साधर्मी भाई-बहनों के लिए 26 सितंबर को पारणा समारोह होगा। पर्व की समाप्ति पर 27 सितंबर को क्षमावाणी महामहोत्सव आयोजित किया जाएगा।

# नवचेतना संस्था के 12वें विशाल भंडारे के लिए भूमिपूजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नवचेतना श्रीमानव सेवा संस्था द्वारा नवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाले 12वें विशाल भंडारे के लिए भूमिपूजन किया गया। संस्था पिछले 11 वर्षों से नवरात्र के नौ दिनों तक भंडारे का आयोजन करती आ रही है।

संस्था के वरिष्ठ सदस्यों, ब्राह्मणजनों और अध्यक्ष रोहन केवट की मौजूदगी में माता रानी के पंडाल के लिए भूमिपूजन किया गया। संस्था के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से वर्ष 2026 के कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में निकलेश मांझी का चयन किया गया। भंडारे का आयोजन साधु वासवानी कॉलेज के सामने, मैया की बगिया, संजय नगर कॉलोनी, वार्ड नंबर-4 में किया जाएगा। इस अवसर पर रोहन केवट ने बताया कि मां की साधना का पर्व नवरात्र संस्था द्वारा परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। 11 वर्ष पहले भंडारे की शुरुआत की गई थी और नवरात्र के नौ दिनों तक भंडारा आयोजित किया जाता है। यह आयोजन का 12वां वर्ष है। भूमिपूजन के साथ ही आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं।

## ओलंपियाड में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को अहमदाबाद का शैक्षणिक भ्रमण

**भोपाल।** प्रदेश के विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने और उनके ज्ञान एवं अनुभव का विस्तार करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तीन दिवसीय अहमदाबाद शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। 27 सितंबर को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से 630 सदस्यीय दल रवाना होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह दल को हरी झंडी दिखाएंगे। दल में करीब 520 विद्यार्थी, 104 शिक्षक और विभाग के छह नियंत्रण अधिकारी शामिल होंगे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी विज्ञान केंद्र, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सहित प्रमुख शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों का अवलोकन करेंगे। इससे उन्हें पढ़ाई के साथ व्यावहारिक ज्ञान और नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए गणित एवं विज्ञान विषयों में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश के करीब 65 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था।